बाबा ऐसी कृपा हो

बाबा ऐसी कृपा हो,
मेरा जीवन सफल हो,
तेरे चरणों में बीते,
दिन ये और रात,
बनकर सेवक मैं तेरा,
करूँ निसदिन में सेवा,
मेरे सर पर,
सदा हो तेरा हाथ,
ओ श्याम, मेरे श्याम।

धूल तेरे चौखट की लेकर,
माथे तिलक लगाऊँ -2
असुवन की धारा से बाबा,
तेरे चरण पखारूँ,
रहूं मैं तेरा होके,
सारा सुध बुध मैं खोके,
नाम तेरा पुकारूँ मेरे श्याम,
बनकर सेवक मैं तेरा,
करूँ निसदिन मैं सेवा,
मेरे सर पर,
सदा हो तेरा हाथ,
ओ श्याम, मेरे श्याम।

मनमोहन मेरा श्याम सलौना,
निसदिन तुझको निहारूं -2
तेरी दया से ओ साँवरिया,
ऐसी कृपा मैं पाऊँ,
रहे जब तक ये प्राण,
करूँ तेरा ही ध्यान,
तेरी सेवा में बीते दिन रात,
बनकर सेवक मैं तेरा,
करूँ निसदिन मैं सेवा,
मेरे सर पर,
सदा हो तेरा हाथ,
ओ श्याम, मेरे श्याम।

भाव भजन ही पास हैं मेरे,
साथ जो मैं हूँ लाया -2
संजीव पुष्पों की वर्षा कर,

तुमको रिझाने आया,
नाचूं तेरे भवन,
होक तुझमे मगन,
सारा जीवन बीता दूँ तेरे नाम,
बनकर सेवक मैं तेरा,
करूँ निसदिन मैं सेवा,
मेरे सर पर,
सदा हो तेरा हाथ,
ओ श्याम, मेरे श्याम।

बाबा ऐसी कृपा हो,
मेरा जीवन सफल हो,
तेरे चरणों में बीते,
ये दिन और रात,
बनकर सेवक मैं तेरा,
करूँ निसदिन मैं सेवा,
मेरे सर पर,
सदा हो तेरा हाथ,
ओ श्याम, मेरे श्याम।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22869/title/baba-aisi-kirpa-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |